an>

Title: Need to conduct a feasibility study for supply of water from Chambal river to Alwar district of Rajasthan.

श्री चाँद नाथ (अलवर): सम्मानीय महोदया, जल ही जीवन है, यह हम सब जानते हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र अलवर में पानी की बड़ी गंभीर समस्या उत्पन्न हो गयी है, क्योंकि, अलवर जिले में कोई नदी या कोई भी सतही पानी का विश्वसनीय स्त्रोत नहीं है। वर्तमान में वहां जलापूर्ति भू-जल द्वारा ही की जा रही है, जिससे लगातार हो रहे भू-जल दोहन से इसका स्तर चिन्ताजनक स्थिति तक गिर रहा है, जिसके कारण जिले में पीने के पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गयी है। जिले में वर्षा भी पर्याप्त मात्रा में नहीं होती है क्योंकि राजस्थान प्रदेश हमेशा सूखे की मार झेलता रहा है। अब दुर्भाग्य ऐसा है कि राजस्थान ओले की मार में आ गया है। इस समस्या के समाधान के लिए चम्बल नदी से जलापूर्ति करने के लिए दीर्घकालीन स्त्रोत के रूप में उपयोग में लेने हेतु, फिजिब्लिटी अध्ययन हेतु जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा एक सर्वेक्षण कराया गया, उसकी प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार चम्बल नदी का जल स्त्रोत अलवर जिले के लिए फिजिबल विस्तृत सर्वेक्षण कार्य प्रगति पर है, जो मार्च, 2015 में पूरा होने की संभावना है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार इस कार्य के लिए लगभग 4,418 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। इस परियोजना में केवल अलवर जिला ही नहीं, धौलपुर, भरतपुर, धौंसा और सवाई माधोपुर, कई जिलों को इससे लाभ मिल सकता है और पानी की समस्या दूर हो सकती है। वहां परियोजना का पूरा लाभ मिले और पानी की समस्या हल हो।

माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से इस परियोजना के लिए सरकार से अनुरोध करता हूं कि इसके लिए पर्याप्त धन राशि केन्द्र सरकार द्वारा उपलब्ध करायी जाए, जिससे लम्बे समय से चली आ रही पेय जल की समस्या का समाधान हो सके।

मैं पुनः दोहराता हूं कि जल ही जीवन है। आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया है, इसके लिए मैं आपके प्रति आभार प्रकट करता हूं।

माननीय अध्यक्ष : श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया और श्री हरीश चंद मीना को श्री चाँद नाथ द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।